राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांक : एफ1(परिपत्र)प्रशासन / आकाशि / 19 / 88 दिनांक : 07/07/2021

1. समस्त प्राचार्य,
राजकीय / कन्या / विधि महाविद्यालय (राजस्थान) / राज. स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर / राज. संगीत संस्थान, जयपुर।
राजस्थान।
2. समस्त सहायक निदेशक,
क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा,
राजस्थान।

विषयः—सत्र 2020—21 के कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन भिजवाने बाबत।

महोदय,

प्रायः देखने में आया है कि प्राचार्यों द्वारा मंत्रालयिक संवर्ग / अशैक्षणिक कार्मिकों के कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन समय पर आयुक्तालय को नहीं भिजवाये जाते हैं अपितु चाहे जाने पर अथवा विलम्ब से भिजवाये जाते हैं जिससे पदोन्नति / चयनित वेतनमान आदि से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब होता है जो एक गम्भीर विषय है। अतः समस्त प्राचार्य, राजकीय / कन्या / विधि महाविद्यालय (राजस्थान) / राज. संगीत संस्थान, जयपुर एवं राज. स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर / समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अधीन कार्यरत समस्त मंत्रालयिक / अशैक्षणिक कार्मिकों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के समस्त कॉलमों की पूर्ति **(नाम, पदनाम, महाविद्यालय की सील सहित)** कर उक्त संवर्ग के कार्मिकों के दिनांक 01 जुलाई, 2020 से 30 जून, 2021 तक के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन एवं पूर्व सत्रों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (यदि कोई बकाया हो तो) भी निर्धारित अवधि दिनांक 30 जुलाई, 2021 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। विलम्ब के लिए समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

7.7.2021
(डॉ. के.एल. सिराधना)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर

क्रमांक : एफ1(परिपत्र)प्रशासन / आकाशि / 19 / 88 दिनांक : 07/07/2021
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त प्राचार्य, राजकीय / कन्या / विधि महाविद्यालय (राजस्थान) / राज. संगीत संस्थान, जयपुर एवं राज. स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर / समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
4. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

7.7.2021
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर